दिन– शनिवार दिनांक– 08 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के लिए दो दिन शेष। एनडीए और महागठबंधन समेत विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता आज कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

02. भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सीतामढ़ी और बेतिया में चुनावी सभाएं करेंगे। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव जमुई, नवादा, गया और जहानाबाद में करेंगे प्रचार।

03. निर्वाचन आयोग ने कहा –बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की किसी भी सीट पर नहीं होगा पुनर्मतदान।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी का पूर्वानुमान जताया।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार जोर–शोर से जारी है। इस चरण का प्रचार अभियान कल शाम थम जायेगा। एनडीए और महागठबंधन समेत विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता आज कई जनसभाओं और रैलियों को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट –––

–––रिपोर्ट–––

भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सीतामढ़ी और बेतिया में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह रोहतास और कैमूर में अलग–अलग तीन जन सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कटिहार में जनसभा को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्वी चंपारण और गया में कई जनसभाओं में भाग लेंगे। एनडीए के प्रत्याशियों के समर्थन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, बांका, मोतिहारी और गया जी में अलग–अलग जनसभाओं में भाग लेंगे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी आज महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में कटिहार में दो जन सभाओं को संबोधित करेगी। इधर, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव आज जमुई, नवादा, गया और जहानाबाद में 18 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा राज्य में चुनाव लड़ रही जन सुराज पार्टी, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता भी आज कई स्थानों पर रोड शो और चुनावी जनसभाओं में भाग लेंगे।

धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

दूसरे चरण में ग्यारह नवम्बर को बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है।

---

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल शिवहर समाहरणालय मैदान में जदयू प्रत्याशी श्वेता गुप्ता के समर्थन में एक चुनावी सभा को

संबोधित किया। श्री कुमार ने अपने संभोधन में कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर बिहार का तेजी से विकास कर रही है।

---

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने सीतामढ़ी के बथनाहा विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंन कांग्रेस प्रत्याशी इंजीनियर नवीन कुमार के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत पैंसठ दशमलव शून्य आठ प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। इस चरण के तहत छह नवम्बर को अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ था। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष दो हजार बीस में विधानसभा चुनाव का औसत मतदान प्रतिशत सत्तावन दशमलव दो नौ तथा लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस में मतदान प्रतिशत छप्पन दशमलव दो आठ था।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की किसी भी सीट पर पुनर्मतदान नहीं होगा। आयोग के अनुसार इस चरण के तहत सभी एक सौ इक्कीस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दस्तावेज़ों की जांच सुचारू रूप से की गई है। किसी भी मतदान केन्द्र से किसी तरह की विसंगति या कदाचार की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के कारण पहले चरण में पुनर्मतदान कराने की सिफारिश नहीं की गई है। आयोग ने कहा है कि दस्तावेजों जांच का कार्य आयोग द्वारा नियुक्त एक सौ इक्कीस चुनाव अधिकारियों और एक सौ इक्कीस सामान्य पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में किया गया। जांच प्रक्रिया में लगभग चार सौ पचपन उम्मीदवारों या उनके एजेंटों ने भी भागीदारी की। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई थी। निर्वाचन आयोग ने पारदर्शिता को मजबूत करने और मतदान केंद्रों पर सूक्ष्म गड़बड़ियों का पता लगाने के लिए मतदान के बाद फॉर्म और मतदान के दिन के अन्य दस्तावेजों की जांच के संबंध में समेकित निर्देश जारी किए हैं।

---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए होने वाले मतदान के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था का निर्देश दिया है। श्री गुंजियाल ने अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि दूसरे चरण में पूर्व में नक्सल प्रभावित जिले और पड़ोसी देश नेपाल और

पड़ोसी राज्यों से सटे जिलों में चुनाव होना है। इस कारण पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर समन्वय बनाकर रणनीति बनायी गयी है। उन्होंने मतदान केन्द्र पर पार्टियों के पोलिंग एजेंटों को फॉर्म–सी की प्रति उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है।

———————————————————

दूसरे चरण के चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से संबंधित जिलों में तैयारियां जारी है। इसी क्रम में अररिया जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का द्वितीय सप्लीमेंट्री रैंडमाइजेशन किया गया।

———————————————————

इधर, इस चरण के चुनाव के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया के महाराजा स्टेडियम में मतदाता जागरूकता के तहत मतदान संकल्प का आयोजन किया गया।

———————————————————

सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने मतदाता जागरुकता के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वहीं, भारत स्काउट और गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

———————————————————

नवादा जिला प्रशासन ने स्वीप कार्यक्रम के तहत समाहरणालय गेट और सद्भावना चौक पर मतदान ज़रुर करें के संदेशों वाला बड़े आकार का बलून लगाया है।

———————————————————

राजद सुप्रीमो लालू यादव के बडे पुत्र और जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष तेजप्रताप यादव ने कहा है कि वे बिहार का विकास करने वालों के साथ हैं। पटना हवाईअड्डे पर राजनीतिक विरोधी और भाजपा नेता रवि किशन से मुलाकात के बाद श्री यादव ने कहा कि जो बिहार की बेरोजगारी दूर करेगा, वे उसके साथ रहेंगे।

———बाईट———

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने पटना उच्च न्यायालय के आदेश को निरस्त करते हुये कहा है कि बगैर जमाबंदी और होल्डिंग के जमीन की खरीद–बिक्री हो सकती है। न्यायमूर्ति पी.एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की खंडपीठ ने एक याचिका की

सुनवाई के दौरान यह फैसला दिया। शीर्ष कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा दस अक्टूबर दो हजार उन्नीस को बिहार निबंधन नियमावली के नियम उन्नीस में किये गये संशोधन को भी निरस्त कर दिया है। गौरतलब है कि पटना उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि बिना जमाबंदी और होल्डिंग के जमीन की खरीद बिक्री नहीं हो सकती है।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने और राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए कई दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी अंजारिया की पीठ ने हर शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके से बाड़ लगाने के निर्देश दिये। न्यायालय ने सभी राष्ट्रीय उच्च पथ और राज्य उच्च पथों से भी आवारा पशुओं को हटाने के भी निर्देश दिये। शीर्ष न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने इन दिशा–निर्देशों के कार्यान्वयन को लेकर उठाए गए कदमों के बारे में आठ सप्ताह के भीतर अनुपालन स्थिति रिपोर्ट सौंपने को कहा।

---

प्रदेश में सिम बाक्स की मदद से अन्तरराष्ट्रीय कॉल को लोकल कॉल में बदल कर साईबर ठगी करने के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। गृह विभाग ने बिहार पुलिस से यह केस सीबीआई को स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि आर्थिक अपराध इकाई ने सुपौल, भोजपुर और पूर्वी चम्पारण जिलों में फर्जी सिम बॉक्स की मदद से समानांतर टेलीफोन एक्सचेंज के संचालन का उद्भेदन किया था।

---

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने स्वचालित संदेश स्वीचिंग प्रणाली में आई तकनीकी समस्या का समाधान कर दिया है। गौरतलब है कि इस प्रणाली में खराबी आने के कारण कल बड़ी संख्या में विमान परिचालन प्रभावित हुआ था। इसके चलते दिल्ली से पटना आने वाली चौदह उड़ाने देर से परिचालित हुई।

---

राष्ट्र वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह एक ऐसा गीत है जिसने पीढ़ियों को एकजुट होने और राष्ट्र की भावना का जश्न मनाने के लिए प्रेरित किया है। वंदे मातरम जैसे अमर गीतों के रचयिता पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट –

–––रिपोर्ट–––

---

प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पछुआ हवा के प्रभाव से सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

–––बाईट–––

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– मोदी–नीतीश के काम पर बिहार को भरोसा। राज्य को कुशासन नहीं सुशासन की सरकार चाहिए।

दैनिक जागरण का शीर्षक है– प्रथम चरण वाली एक सौ इक्कीस सीटों पर कहीं नहीं होगा पुनर्मतदान।

दैनिक भास्कर ने पहले चरण के मतदान पर लिखा है– एसआईआर ने बढ़ाई तीन दशमलव सात पांच प्रतिशत वोटिंग।

प्रभात खबर की सुर्खी है–तिरहुत और कोसी क्षेत्र की बढ़त से तय होगा अगली सरकार का रास्ता।

राष्ट्रीय सहारा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अपील का शीर्षक लगाया है– बंपर वोटिंग के लिए बधाई, दूसरे चरण में भी रिकॉर्ड बनाये।

आज अखबार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान पर लिखा है– सीमांचल सबसे गरीब इलाका, अब बदलाव जरूरी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के लिए दो दिन शेष। एनडीए और महागठबंधन समेत विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता आज कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

02. भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सीतामढ़ी और बेतिया में चुनावी सभाएं करेंगे। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव जमुई, नवादा, गया और जहानाबाद में करेंगे प्रचार।

03. निर्वाचन आयोग ने कहा –बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की किसी भी सीट पर नहीं होगा पुनर्मतदान।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी का पूर्वानुमान जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।